राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/1879/2023 दिनांकः— 26 जून, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,
चन्द्रप्रभा महाविद्यालय,
ग्राम व पोस्ट सराय नीम, तहसील जलेसर,
जनपद—एटा। (2512)

विषयः बी0एड0 पाठ्यक्रम में आपके महाविद्यालय की मान्यता एन0सी0टी0ई0 द्वारा समाप्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपके महाविद्यालय में बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित है। शीघ्र ही बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों का विवरण संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आयोजक विश्वविद्यालय (बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी) को भेजा जाना है। आज दिनांकः 26 जून, 2023 को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन0सी0टी0ई0) की वेबसाइट पर मान्य महाविद्यालय/संस्थानों (Recognised Institutes) के विवरण का सत्यापन किये जाने पर आपके महाविद्यालय की बी0एड0 पाठ्यक्रम की मान्यता एन0सी0टी0ई0 के पत्र संख्या NRC/NCTE/F-3/UP-3482/157 Meeting/2010/9823 Date 12-04-2010 द्वारा समाप्त की जा चुकी है। ऐसी स्थिति में आपके महाविद्यालय का नाम कांउसलिंग में सम्मिलित किये जाने हेतु बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी को भेजा जाना सम्भव नहीं होगा।

आपसे आपेक्षा की जाती है कि यदि आपके पास अद्यतन सत्र 2023—24 हेतु एन0सी0टी0ई0 से बी0एड0 पाठ्यक्रम की मान्यता का कोई प्रमाण हो तो वह तीन दिवस के अन्दर विश्वविद्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित अवधि में आप वांछित प्रमाण प्रस्तुत नही करते है तो आपके महाविद्यालय को कांउसलिंग में सम्मिलित किया जाना सम्भव नहीं होगा।

भवदीय,

(महेश कुमार)
कुलसचिव